दिन– मंगलवार दिनांक–12/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दरभंगा के शोभन में एम्स के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। वे नवनिर्मित झंझारपुर–लौकहा रेलखंड का भी उद्‌घाटन करेंगे।

02. प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ में उपचुनाव के लिए कल होगा मतदान।

03. महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत आज तीन बार के विजेता दक्षिण कोरिया से खेलेगा। अन्य मुकाबलों में जापान की भिड़ंत थाईलैंड से और चीन की टीम का मुकाबला मलेशिया से होगा।

04. और, आज देवोत्थान एकादशी है। सभी मांगलिक कार्यों की होगी आज से शुरूआत।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दरभंगा के शोभन में एम्स निर्माण की आधारशीला रखेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गयी हैं। कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने शिलान्यास स्थल का दौरा किया। एनडीए के नेता और वरीय पदाधिकारी पहुंचने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस एम्स के निर्माण से उनका सपना साकार हो रहा है। दरभंगा में एम्स के बनने से आने वाले समय में उम्दा स्वास्थ्य सेवाएं लोगों की मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी मिथिलांचल के लोगों को एक और सौगात भी देंगे। श्री मोदी कल ही दरभंगा से झंझारपुर–लौकहा रेलखंड का उद्‌घाटन करेंगे। इसके साथ झंझारपुर–लोकहा रेलखंड पर रेल सेवा शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम से पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार आज दरभंगा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कल दरभंगा आगमन को लेकर चेयरमैन यहां पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री कल एम्स के शिलान्यास के साथ ही काकरघाटी से शीशो तक बने बाइपास रेल लाइन का उद्‌घाटन भी करेंगे। इससे यातायात सुगम होगा।

---

प्रदेश की चार विधानसभा सीट बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि चुनाव को लेकर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उप चुनाव में राष्ट्रीय

जनता दल सबसे अधिक तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। वहीं, भाकपा माले एक सीट पर मुकाबले में है। एनडीए खेमे से भाजपा दो सीट पर जबकि जदयू और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा एक एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। बहुजन समाज पार्टी ने दो सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश के उन्नीस जिलो के एक हजार पांच सौ अस्सी पैक्स के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चरण के नामांकन की अंतिम तिथि तेरह नवम्बर तक निर्धारित है। कैमूर जिले में कल अध्यक्ष पद के लिए उन्नीस और सदस्य पद के लिए अड़तालीस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं, रामपुर में सदस्य पद के लिए तीन और अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। अभ्यर्थी उन्नीस नवम्बर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान छब्बीस नवम्बर को होगा। मतदान के दिन या उसके अगले दिन मतों की गिनती होगी। पैक्स चुनाव के लिए अध्यक्ष और सचिव सहित बारह पदों के लिए मतदान होगा। अध्यक्ष और सचिव का पद अनारक्षित होगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजगीर में आयोजित महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत आज तीन बार के विजेता दक्षिण कोरिया से खेलेगा। दो अन्य मुकाबलों में जापान की टीम की भिड़ंत थाईलैंड से होगी जबकि चीन की टीम का मुकाबला मलेशिया से होगा। इससे पहले कल राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये अपने पहले मैच में भारत ने मलेशिया को चार–शून्य से पराजित कर शानदार जीत का आगाज किया। कल कई पेनल्टी कॉर्नर खोने के बाद भारतीय टीम तीन को गोल में बदलने में सफल रही। संगीता कुमारी के शानदार आखिरी गोल ने पिछले चैंपियन भारत की जीत पक्की कर दी। इससे पहले, उद्घाटन मैच में जापान और दक्षिण कोरिया के बीच रोमांचक मुकाबला दो–दो से ड्रा रहा। जापान के लिए महो उएनो और साकी तनाका ने गोल किया जबकि कोरिया के लिए मिहयांग पार्क और युजिन ली ने गोल किए। एक अन्य मैच में चीन ने थाईलैंड को पन्द्रह–शून्य से हराया। मैच के अंतिम दो क्वार्टर में दस गोल दागकर चीन पूरे समय थाईलैंड पर हावी रहा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सारण जिले के हरिहर क्षेत्र का विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला कल से शुरु हो रहा है। मेले में सांस्कृतिक और मनोरंजन के कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र रहेंगे। राज्य सरकार

ने इसे राजकीय मेले का दर्जा दिया है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंतर विभागीय बैठक कर मेले में व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव और सचिव ने अपने–अपने विभागों से संबंधित कराये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने विधि–व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गयी है कि मेला क्षेत्र में आठ अस्थाई चिकित्सा शिविर लगाये जायेंगे। पशु और मत्स्य संसाधन विभाग के माध्यम से मेला क्षेत्र को 8 वार्ड में बांट कर प्रत्येक वार्ड में एक–एक पशु चिकित्सालय कार्यरत किया जा रहा है। उद्योग विभाग के माध्यम से इक्कीस विधाओं के तिरेसठ शिल्पकार और बुनकर अपनी कलाकृति का प्रदर्शन करेंगे। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि मेला क्षेत्र की साफ–सफाई के लिए चार सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि विधि व्यवस्था के लिये मेला क्षेत्र में इक्कीस पुलिस चौकी और नौ वाच टावर बनाये गये हैं। विधि व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन के लिये सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को छब्बीस सेक्टर में बांटा गया है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने के लिए चालीस स्थलों पर ड्रॉप गेट बानाये गये हैं। तीन सौ अस्सी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में नियोजित शिक्षकों के लिए दूसरे सक्षमता परीक्षा के सात विषयों की पुनर्परीक्षा कल ली जायेगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अनुसार नौवीं और दसवीं कक्षा के लिए संगीत, हिन्दी, गृह विज्ञान, नृत्य और फारसी तथा ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए गृह विज्ञान और इतिहास विषयों की परीक्षा ली जा रही है। शिक्षकों के लिए नये सिरे से प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं। समिति ने कहा है कि जिन शिक्षकों के प्रवेश पत्र पर प्लास्टिक का आवरण लगा होगा, उन्हें परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जायेगा।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज अधिकतर भागों में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। पछुआ हवा के कारण न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे गिरावट की सम्भावना है। कल राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश शहरों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है।

———————————————————————————

एन आई ए ने टेरर फंडिंग मामले में सीवान जिले के सराय थाना क्षेत्र के पुराना किला पोखरा में अख्तर अली के आवासीय ठिकाने पर छापेमारी की। इस

दौरान एजेंसी को मोबाईल, बैंकिंग लेन–देन से जुड़ें कागजात और कई संवेदनशील दस्तावेज  मिले हैं। एनआईए इनकी जांच कर ही है। एक अधिकारी के अनुसार जांच के दौरान यह जानकारी मिली है कि कुछ लोग अपनी वास्तविक पहचान छिपाते हुये कई फर्जी दस्तावेज बनाये हैं। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं को प्रभावित कर अलकायदा नामक आतंकी संगठन का सदस्य बनाया जा रहा था। वहीं, कई युवाओं के बैंक खातों का उपयोग कर बाहरी देशों से रूपये भेजने और मंगाने का काम किया जा रहा था। गौरतलब है कि अख्तर अली के बेटे सुहैल के बैंक खाते को एनआईए ने संदिग्ध लेनदेन के मामले में छह महीने पहले फ्रीज कर दिया था। सुहैल का जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश मे फल का कारोबार है। इस सिलसिले में एजेंसी ने कल देश भर में छापे मारे थे।

———————————————————————————————

राज्य के सभी जिलों में पत्रों को जल्दी पहुंचाने के लिए डाक विभाग केन्द्रीयकृत वितरण केन्द्र खोलेगा। बिहार परिक्षेत्र के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि इसके लिए साठ स्थानों का चयन किया गया है। इन केन्द्रों के खुलने से डाक नहीं मिलने और खो जाने की समस्याएं भी कम होगी। उन्होंने कहा कि हर बीस हजार की आबादी पर एक केन्द्र बनाये जा रहे हैं। श्री कुमार ने बताया कि अभी पटना में एक केन्द्र काम कर रहा है। सभी केन्द्र आपस में जोड़ें जायेंगे।

———————————————————————————————

श्रीनारायण यादव का कल निधन हो गया। वे लालू प्रसाद और राबड़ी देवी सरकार में शहरी विकास मंत्री थे। दो हजार दस के बिहार विधानसभा चुनावों में उन्होंने जनता दल यूनाइटेड के जमशेद अशरफ को हराकर बलिया सीट जीती। यादव ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नौ बार जीत हासिल की थी। कल देर रात पटना में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर सभी दलों ने गहरा शोक जताया है।

———————————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गयी। अरवल, जमुई और पश्चिम चम्पारण जिले में दो–दो व्यक्ति की मौत हुई है।

———————————————————————————————

आज देवोत्थान एकादशी है। हिन्दू धार्तिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पिछले पांच महीने से निद्रा में रहे देव जागते हैं। देव के जागने के साथ ही सभी मांगलिक कार्यों की शुरूआत होती है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर बेगूसराय के सिमरिया धाम में शाही स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की भारी

भीड़ देखी जा रही है। जिला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले में रबी महोत्सव आयोजित कर किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कृषि विभाग ने इस मौसम में अड़तीस हेक्टेयर भू–भाग पर गेहूं सहित अन्य रबी फसल की खेती का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में किसानों को जीरो टिलेज तकनीक सहित अन्य जानकारी भी दी गयी।

———————————————————————————

पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक फल कारोबारी से छह लाख रूपये लूट लिये। अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर चौक के पास पेट्रोल पंप के एक कर्मी से अपराधियों ने तीन लाख रूपये से अधिक लूट लिये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राजगीर में एशिया हॉकी चौंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– चक दे इंडिया से गूंजा राजगीर स्टेडियम। भोजपुरी गीतों के बीच दर्शकों की ऊर्जा बुलंदियों पर, तो खिलाड़ियों के हौसले सातवें आसमान पर। जापान के सईतो बोले– बिहार के लोग बहुत अच्चे।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– सात साल से कम सजा वाले अपराध में नाबालिगों पर नहीं होगी प्राथमिकी। दैनिक भास्कर ने साईबर अपराध पर लिखा है– पंचानवे लोगों से साईबर शातिरों ने ठग लिये दो करोड़ चौबीस लाख इक्यासी हजार, पटना के थानों में सत्तर केस। प्रभात खबर ने शिक्षा मंत्री के हवाले से लिखा है– जिन जिलों में एक ही अनुमंडल वहां विभाजन करके किये जायेंगे शिक्षकों के तबादले।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दरभंगा के शोभन में एम्स के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। वे नवनिर्मित झंझारपुर–लौकहा रेलखंड का भी उद्‌घाटन करेंगे।

02. प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ में उपचुनाव के लिए कल होगा मतदान।

03. महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत आज तीन बार के विजेता दक्षिण

कोरिया से खेलेगा। अन्य मुकाबलों में जापान की भिड़ंत थाईलैंड से और चीन की टीम का मुकाबला मलेशिया से होगा।

04. और, आज देवोत्थान एकादशी है। सभी मांगलिक कार्यों की होगी आज से शुरूआत।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।